भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. +3469

सोमवार, 20 दिसम्बर, 2021/29 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

चिकित्सा पर्यटन के माध्यम से अर्जित विदेशी मुद्रा

+3469. डॉ.सुजय बिखे पाटीलः

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदेः

डॉ. हिना विजयकुमार गावीतः

श्री धैर्यशील संभाजीराव माणेः

श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिलः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने कि कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान चिकित्सा पर्यटकों के रूप में भारत आने वाले पर्यटकों की संख्या कितनी है और उनका राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान चिकित्सा पर्यटन द्वारा अर्जित विदेशी मुद्रा अर्जन की राशि और उसका राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) जागरूकता पैदा करने और भारत में और अधिक चिकित्सा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यदि कोई कदम उठाए जा रहे है तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का अलग से एक चिकित्सा पर्यटन नीति बनाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख): वर्ष 2016 से 2020 के दौरान चिकित्सा के उद्देश्य से विदेशी भारत में पर्यटक आगमन (एफटीए) का विवरण निम्नानुसार है:-

भारत में चिकित्सा के उद्देश्य से विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए)

वर्ष	**चिकित्सा के उद्देश्य से विदेशी पर्यटक आगमन (लाख में)**
2016	4.27
2017	4.95
2018	6.41
2019	6.97
2020	1.83

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो, भारत सरकार

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, उद्देश्य के अनुसार विदेशी पर्यटकों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार यात्राओं तथा इन यात्राओं से उत्पन्न विदेशी मुद्रा आय के आंकड़े नहीं रखता है। तथापि, 2016 **से** 2020 **के दौरान पर्यटन के माध्यम से कुल विदेशी मुद्रा आय निम्नानुसार है:-**

भारत में पर्यटन के माध्यम से कुल विदेशी मुद्रा आय

वर्ष	***पर्यटन से प्राप्त विदेशी मुद्रा आय* (करोड़ रु में)**
2016 #2	154146
2017#2	177874
2018#2	194881
2019#2	211661
2020#2	50136

#2 संशोधित अनुमान

(ग) और (घ): भारत में चिकित्सा एवं निरोगता पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित एजेंसी के माध्यम से भारत को चिकित्सा एवं निरोगता पर्यटन गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने हेतु केंद्र सरकार के मंत्रालयों, राज्य सरकारों और निजी क्षेत्र के बीच एक मजबूत ढांचा और तालमेल बनाने के लिए, पर्यटन मंत्रालय द्वारा चिकित्सा एवं निरोगता पर्यटन के लिए राष्ट्रीय रणनीति का एक मसौदा और रोडमैप तैयार किया गया है। दस्तावेज़ को अधिक व्यापक बनाने के लिए, पर्यटन मंत्रालय ने राष्ट्रीय रणनीति और रोडमैप के मसौदे पर अभिज्ञात केंद्रीय मंत्रालयों, सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों और उद्योग हितधारकों से प्रतिक्रिया/टिप्पणियां/सुझाव मंगवाए हैं।

इसके अलावा पर्यटन मंत्रालय ने जागरूकता पैदा करने और भारत में और चिकित्सा पर्यटकों को आकृष्ट करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जो **अनुबंध** में दिए गए हैं।

****

अनुबंध

चिकित्सा पर्यटन के माध्यम से अर्जित विदेशी मुद्रा के सम्बन्ध में दिनांक 20.12.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. +3469 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में **विवरण**

पर्यटन मंत्रालय द्वारा जागरूकता पैदा करने और भारत में और अधिक चिकित्सा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए उठाये गए कदम निम्नानुसार हैं:-

क. चिकित्सा पर्यटन, निरोगता पर्यटन एवं योग, आयुर्वेद पर्यटन और आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी (आयुष) में समाविष्ट भारतीय चिकित्सा प्रणाली के किसी अन्य स्वरूप के संवर्धन के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए विशिष्ट संस्थागत कार्यढांचा प्रदान करने हेतु मंत्रालय ने माननीय मंत्री (पर्यटन) की अध्यक्षता में राष्ट्रीय चिकित्सा एवं निरोगता पर्यटन बोर्ड का गठन किया है। यह बोर्ड एक ऐसे समावेशी संगठन के रूप में कार्य करता है जो व्यवस्थित तरीके से पर्यटन के इस वर्ग का संवर्धन करता है।

ख. मंत्रालय द्वारा चिकित्सा और स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ब्रोशर, सीडी और अन्य प्रचार सामग्री तैयार की गई है और इसे लक्षित बाजारों में प्रचार के लिए व्यापक रूप से वितरित और परिचालित किया गया है।

ग. विश्व यात्रा मार्ट, लंदन, आईटीबी, बर्लिन, अरेबियन यात्रा मार्ट आदि जैसे विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चिकित्सा और स्वास्थ्य पर्यटन को विशेष रूप से बढ़ावा दिया गया है।

घ. 'मेडिकल वीजा' की शुरूआत की गयी है, जो चिकित्सा उपचार के लिए भारत आने वाले विदेशी यात्रियों को विशिष्ट उद्देश्य के लिए दिया जा सकता है। 166 देशों के लिए 'ई-मेडिकल वीजा' भी शुरू किया गया है।

ङ. पर्यटन मंत्रालय चिकित्सा/पर्यटन सेवा प्रदाताओं और एनएबीएच द्वारा मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य केंद्रों को चिकित्सा/पर्यटन मेलों, चिकित्सा सम्मेलनों, निरोगता सम्मेलनों, निरोगता मेलों और संबद्ध रोड शो में भाग लेने के लिए बाजार विकास सहायता (एमडीए) योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

****